Azadi Ka Amrit Mahotsav | सत्यमेव जयते Ministry of Education Government of India | Teaching Learning Centre NATIONAL MISSION ON TEACHERS AND TEACHING | G20 भारत 2023 INDIA

# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

# शिक्षण अधिगम केन्द्र

## पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना

## शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

## द्विसाप्ताहिक राष्ट्रीय

## संकाय विकास कार्यक्रम (एफ.डी.पी.)

# तकनीकी शिक्षणशास्त्रीय एवं शोध कुशलता संवर्द्धन

**दिनांक 29 मई से 08 जून, 2023**

**माध्यम: हाइब्रिड**
**(ऑनलाइन + ऑफलाइन)**

### परिचय:

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षण अधिगम केन्द्र की स्थापना **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार** की **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना** (PMMMNMTT) के पाठ्यचर्या एवं शिक्षणशास्त्र हेतु उत्कृष्टता केन्द्र के घटक के अन्तर्गत हुई है। यह योजना शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षा विशेषकर संस्कृत से जुड़े अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षको में शिक्षण एवं अधिगम प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन हेतु कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना है। **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र को उच्च शिक्षा के नवनियुक्त अध्यापकों हेतु एक मासिक अनिवार्य संकाय अनुबोधन कार्यक्रम (FIP) के संचालन हेतु जारी 30 नये केन्द्रों की सूची में चिह्नित किया गया तथा उसे संस्कृत विषय में SWAYAM मंच के माध्यम से Annual Refresher Program in Teaching (ARPIT – 2018, 2019 व 2020 कोर्स) के निर्माण हेतु राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र (NRC) के रूप में भी अधिसूचित किया गया। इसके साथ केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर संस्कृत शिक्षण हेतु दो संदर्शिकाओ का प्रकाशन किया गया है। अभी तक केन्द्र द्वारा 59 कार्यक्रम एवं 3 संकाय अनुबोधन कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है।**

### कार्यक्रम सन्दर्भ:

हम सभी जानते है कि तकनालॉजी के उद्गमन ने मानवीय जीवन के प्रत्येक पक्ष को ही केवल नहीं अपितु समस्त शैक्षिक जगत को प्रभावित किया है। इसका व्यापक प्रयोग एवं अनुप्रयोग विविध शैक्षिक प्रक्रियाओं के नियोजन, विकास, क्रियान्वयन, निष्पादन एवं आकलन को सरल, द्रुत, प्रभावी तथा समय एवं श्रम की दृष्टि से मितव्ययी बनाता है। इसके अतिरिक्त तकनीकी समन्वयन शिक्षण, आकलन तथा शोध को उपयोगकर्त्ता केन्द्रित एवं अन्तःविषयक एवं स्वगति बनाने में भी बढ़ावा देता है। इसीलिए शिक्षा पर सभी समिति एवं नीतियों ने सभी शैक्षिक प्रक्रियाओं में तकनीकी के समन्वयन की संस्तुति की है। अतः तकनीकी संवर्द्धित शिक्षण एवं अधिगम परिवेश निर्मित करने में ज्ञान सम्प्राप्ति, अन्तरण एवं आकलन हेतु प्रयुक्त तकनीकी कौशल अहम् भूमिका अदा करते है। इसके साथ शिक्षण एवं शोध में तकनीकी प्रयोग एवं समन्वयन से जुड़े कौशल एवं कुशलताएं सभी विषयों के शिक्षक एवं शिक्षार्थियों को अपने को बनाए रखने एवं सफल बनाने के लिये अपरिहार्य बन जाते है। इन कुशलताओं के अन्तर्गत मुख्य रूप से विविध शिक्षणशास्त्रीय और शोध उपकरण एवं सॉफ्टवेयर का बुद्धिमत्तापूर्ण प्रयोग तथा अनुप्रयोग शामिल है। इस पृष्ठभूमि में द्विसाप्ताहिक राष्ट्रीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं शोध कार्य सुनिश्चित करने के लिये तकनीकी शिक्षणशास्त्रीय एवं शोध कौशल एवं कुशलताओं को संवर्द्धित करने के आशय से किया जा रहा है।

### कार्यक्रम उद्देश्य:

इस कार्यक्रम के उद्देश्य हैं –

- विविध तकनीकी शिक्षणशास्त्रीय उपकरणों एवं सॉफ्टवेयर्स से परिचित करना।
- विविध तकनीकी शिक्षणशास्त्रीय उपकरणों एवं सॉफ्टवेयर्स की प्रयोग प्रक्रिया में अन्तर्दृष्टि प्रदान करना।
- विविध तकनीकी शिक्षणशास्त्रीय एवं शोध उपकरणों का शिक्षण तथा शोध कार्यों में प्रयोग से जुड़े कौशल तथा कुशलताओं को अभिवृद्ध करना।

## लक्ष्य समूह:

- सभी विषयों के उच्च शिक्षा के संकाय सदस्य।
- परम्परागत एवं आधुनिक दोनों विश्वविद्यालयों के अध्यापक शिक्षक।
- केवल भाषा शिक्षक (TGT तथा PGT)।
- सभी विषयों के अनुसंधानकर्ता।

## पंजीकरण:

इस कार्यक्रम के लिये **पंजीकरण शुल्क ₹1950 /- (अप्रतिदेय)** है जिसमें ऑफ़लाइन मोड के दौरान जलपान और दोपहर का भोजन सम्मिलित होगा।
***यात्रा और आवास की व्यवस्था केवल प्रतिभागियों द्वारा वहन की जाएगी।***
आवास सहायता केवल पूर्व सूचना के आधार पर प्रदान की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी इस लिंक द्वारा

https://forms.eduqfix.com/slbsnsuform/home

**21 मई, 2023 तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।**

## महत्त्वपूर्ण सूचना

ऑनलाइन प्लेटफार्म: **गूगल मीट**

- ✓ प्रतिभाग हेतु **ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य** है।.
- ✓ पंजीकरण प्रपत्र में कृपया अपना **वैध ईमेल एवं WhatsApp नंबर** प्रदान करें क्योंकि कार्यक्रम सम्बन्धित सभी सम्प्रेषण इन्हीं के द्वारा किये जाएंगे।
- ✓ इस कार्यक्रम में **ई-प्रमाणपत्र** (उपस्थिति एवं प्रस्तुतीकरण निष्पादन आधारित) प्रदान किया जाएगा।
- ✓ **इस एफ.डी.पी. का ई-सर्टिफिकेट यूजीसी अधिनियम 2018 के अनुसार - करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के लिए मान्य होगा (पद संख्या. 18.0 (ix))।**
- ✓ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे महाविद्यालय एवं विद्यालय के नियमित अध्यापक **"ऑन ड्यूटी"** माने जायेंगे।

### सक्रिय प्रतिभाग हेतु अपेक्षित सामग्री : -

1. **लैपटॉप/ कैमरा एवं माइक्रोफोन के साथ कंप्यूटर/स्मार्टफ़ोन।**
2. **कार्यशाला के समय उत्तम इन्टरनेट कनेक्टिविटी कम से कम 3 जीबी डाटा प्रतिदिन।**

**कार्यक्रम समयावधि**
10.30-01.00 PM
03.00-04.30 PM

**संरक्षक**

**प्रो. मुरलीमनोहर पाठक**
कुलपति

**समन्वयक एवं संयोजक** — **प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज**, निदेशक

**सह-संयोजक** — **डॉ. तमन्ना कौशल**, **डॉ. आरती शर्मा**

**कार्यक्रम सुगमकर्ता** — **श्री सुरेन्द्र नागर, श्री ज्ञान चन्द शर्मा, श्री राकेश काण्डपाल, श्री अक्षत डबराल, श्री सचिन कुमार**

**आयोजक**

# शिक्षण अधिगम केन्द्र

**पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार**

## श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
अन्य जानकारी हेतु-
सम्पर्क सूत्र - 8287380767, 9716692396, 8285513959
ई-मेल: tlc@slbsrsv.ac.in वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in